11 शब्द-भंडार (Vocabulary)

1. पर्यायवाची शब्द

कोई माता को मम्मी, कोई माँ, कोई अम्मी तो कोई अम्मा कहता है। माता के लिए प्रयोग किए जाने वाले ये शब्द अलग-अलग हैं किंतु इनका अर्थ एक ही है। चित्रों के नीचे लिखे वाक्यों को पढ़कर समझिए-

पहाड़ों पर ऊँचे-ऊँचे पेड़ होते हैं।
पर्वतों पर ऊँचे-ऊँचे वृक्ष होते हैं।

फूल बड़े सुंदर होते हैं।
पुष्प बहुत खूबसूरत होते हैं।

ऊपर लिखे वाक्यों में रंगीन शब्द, जैसे- पहाड़-पर्वत, पेड़-वृक्ष, फूल-पुष्प तथा सुंदर-खूबसूरत एक-दूसरे से भिन्न हैं, परंतु इनके अर्थ समान हैं। ऐसे ही शब्दों को 'समानार्थी' या 'पर्यायवाची शब्द' कहते हैं।

परिभाषा- ऐसे शब्द जो भिन्न-भिन्न होते हुए भी समान अर्थ देते हैं, 'पर्यायवाची' या 'समानार्थी शब्द' कहलाते हैं।

निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों को पढ़कर समझिए-

शब्द	पर्यायवाची
अमृत	सोम, पीयूष , सुधा
घोड़ा	घोटक, तुरंग, अश्व

अतिथि	आगंतुक, अभ्यागत, मेहमान
आँख	लोचन, नेत्र, नयन
जल	वारि, सलिल, नीर
घर	सदन, आलय, भवन
गंगा	मंदाकिनी, सुरसरिता, भागीरथी
तालाब	सर, सरोवर, जलाशय
पहाड़	गिरि, नग, पर्वत
हवा	वायु, समीर, पवन
दिन	दिवस, वासर, वार
पक्षी	खग, विहंग, पखेरू
फूल	पुष्प, कुसुम, सुमन
जंगल	वन, कानन, अरण्य
रात	रात्रि, निशा, रजनी
चंद्रमा	चाँद, शशि, मयंक
आदमी	मनुष्य, नर, पुरुष
बेटा	पुत्र, सुत, आत्मज
बेटी	पुत्री, सुता, आत्मजा
माँ	माता, अम्मा, जननी
राजा	नृप, नरेश, भूप
धरती	पृथ्वी, जमीन, भूमि
गुरु	आचार्य, शिक्षक, अध्यापक
जगत	विश्व, दुनिया, संसार
आग	अग्नि, पावक, अनल
ज़हर	विष, हलाहल, गरल
क्रोध	कोप, रोष, गुस्सा
कमल	जलज, नीरज, सरोज

किनारा	तट, तीर, कूल
इंद्र	देवराज, सुरेश, देवेंद्र
देवता	देव, सुर, अमर
बादल	मेघ, नीरद, घन
वृक्ष	विटप, पादप, पेड़
सूर्य	दिनकर, दिवाकर, प्रभाकर
मित्र	साथी, सहचर, सखा

अभ्यास

1. निम्नलिखित शब्दों के उचित पर्यायवाची शब्द छाँटकर उन पर गोल घेरा बनाइए– **(लेखन गतिविधि)**

(क) अतिथि – नेत्र, आचार्य, मेहमान

(ख) चंद्रमा – देव, शशि, सखा

(ग) पक्षी – खग, कूल, तरु

(घ) धरती – पृथ्वी, गिरि, सर

(ङ) किनारा – दिन, तट, दिवाकर

2. निम्नलिखित शब्दों के सही मिलान कीजिए –

(क)	घर	(i)	पुत्री
(ख)	जंगल	(ii)	नेत्र
(ग)	बेटी	(iii)	रजनी
(घ)	आँख	(iv)	अनल
(ङ)	रात	(v)	सदन
(च)	आग	(vi)	कानन